हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 जिले के सभी स्कूलों का होगा निरीक्षण लापरवाही...



07 निवृर्तमान एसपी एलवी एंटोनी देवकुमार...



## खबर संक्षेप

### मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक ने किया निरीक्षण



**सीहोर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक सुभाष चंद्र ने आष्टा स्थित सांदीपनि स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां देखीं और कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। इस दौरान डीपीसी रमेशराम उईके सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### अधिकारियों के कार्य विभाजन आदेश जारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिला कार्यालय में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्यों के सुचारु एवं प्रभावी संचालन के लिए नवीन कार्य विभाजन आदेश जारी किया गया है। कार्य विभाजन आदेश में अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर तथा डिप्टी कलेक्टर्स के मध्य विभिन्न शाखाओं एवं विभागीय दायित्वों का निर्धारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर श्री बृजेश सक्सेना को राजस्व, पंचायत राज, कृषि भूमि सीमा, मुख्यमंत्री सहायता कोष, जिला सतर्कता, लाइसेंस शाखा, स्वास्थ्य विभाग (रेडक्रॉस), जनगणना, राहत, भू-अभिलेख सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं राजस्व संबंधी दायित्व सौंपे गए हैं। संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को स्वच्छ भारत मिशन, जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, सूचना प्रौद्योगिकी, लोक सेवा प्रबंधन, राज्य लायबिलिटी संबंधी कार्य, मुख्य प्रतिलिपिकार शाखा, अभिलेखागार तथा एसएलआर शाखा का प्रभार दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को लेखा शाखा, स्थानीय निर्वाचन, नजारत शाखा, व्यवहार न्याय, जीपीएफ, लोक स्थापना, आरएमएस शाखा, रीडर शाखा तथा नजूल संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा को लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रभार दिया गया है। वहीं इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा को टंकण शाखा, आवक-जावक शाखा, अल्प बचत, धर्मस्व तथा सैनिक कल्याण से संबंधित कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। आदेश में अधिकारियों के मध्य लिंक अधिकारी व्यवस्था भी निर्धारित की गई है।

## कलेक्टर ने की शत-प्रतिशत नामांकन व अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा

# जिले के शत प्रतिशत ड्रॉपआउट बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाएं: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा


कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं अपार आईडी बनाने के कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर ने की। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिले में कक्षा 1 से 8 तक का नामांकन 92 प्रतिशत एवं कक्षा 9 से 12 तक का नामांकन 103 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल नामांकन की स्थिति 95 प्रतिशत है। अशासकीय विद्यालयों का नामांकन शासकीय विद्यालयों की अपेक्षा कम पाया गया। कलेक्टर ने आगामी 3 दिवस में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं डी.पी.सी. को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्य पूर्ण न होने पर संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी पर कार्यवाही की जाएगी।

### अपार आईडी की प्रगति

जिले में अभी तक कुल 69 प्रतिशत अपार आईडी बनाई गई है। शासकीय विद्यालयों में 78 प्रतिशत अपार आईडी बनाई जा चुकी हैं। निजी विद्यालयों में प्रगति बढ़ाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने एवं शत-प्रतिशत अपार आईडी जनरेट करने के निर्देश दिए गए। इस कार्य के लिए जिले में कुल 70 स्थानों पर आधार कैंप भी लगाए गए हैं।

### ड्रॉपआउट बच्चों को शाला में प्रवेश के निर्देश

कलेक्टर यादव ने कहा कि सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय से बाहर अथवा ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस कार्य में शिक्षा विभाग के साथ स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभागों का समन्वय सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों एवं संस्था प्रमुखों को निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार कराने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अपार आईडी के महत्व से अवगत कराने एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा गया। कलेक्टर यादव ने ने डीईओ एवं डीपीसी को नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिन विद्यालयों की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष प्रयास कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि सभी शालाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमित रूप से हो, उपस्थिति बढ़ाने के विशेष प्रयास करें। शिक्षकों की उपस्थिति भी समय पर नियमित रूप से हो। विद्यार्थियों को स्व सहायता समूह के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता का मध्याह भोजन प्रदान किया जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री बीएस सोलंकी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी स्व सहायता समूह को बर्तन क्रय करने हेतु राशि प्रदान की गई है शिक्षा विभाग की जानकारी प्रस्तुत करें कि किन-किन समूहों ने अभी तक बर्तन खरीदे हैं नहीं खरीदे हैं उनकी सूची बनाकर प्रस्तुत करें।



### जर्जर कक्ष, भवन में कक्षाएं संचालित ना हो - सोलंकी

बैठक में जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी ने सख्त निर्देश दिए कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त शाला कक्षों अथवा भवनों में कोई भी विद्यालय कक्षाएं संचालित ना हो। शिक्षा विभाग अपने अमले के माध्यम से शालाओं का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि कोई भी कक्षा किसी जर्जर या क्षतिग्रस्त भवन में संचालित ना हो। ऐसे कक्षो भवनों की जगह वैकल्पिक व्यवस्था कर अन्य कक्ष/भवन में कक्षाएं संचालित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे एडीपीसी सौरभ जैन, डीपीसी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### वर्षा ऋतु में बच्चों की सुरक्षा के संबंध में कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**नलखेड़ा।** आगर-मालवा कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भोपाल के पत्र, 23 जून 2026 के संदर्भ में जारी आदेश में कहा गया है कि वर्षाकाल में विभिन्न क्षेत्रों में नदियों, तालाबों, बांधों एवं अन्य जलाशयों में होने वाली दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से ही रोकथाम के उपाय सुनिश्चित किए जाए। कलेक्टर यादव ने निर्देश दिए हैं कि जलाशयों, नदियों, तालाबों, बांधों एवं अन्य संभावित जोखिमयुक्त स्थानों का चिन्हांकन किया जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्रवेश निषेध संबंधी स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। आवश्यकतानुसार फेंसिंग/बैरीकेडिंग कराई जाए। स्थानीय निकायों एवं संबंधित विभागों के माध्यम से अन्य उपयुक्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की जाएं। कलेक्टर ने जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अभिभावकों एवं बच्चों को ऐसे जोखिमों के प्रति सतर्क करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आगर, बड़ौद, नलखेड़ा, सुसनेर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका आगर तथा नगर परिषद बड़ौद, नलखेड़ा, सुसनेर, सोयतकलां, कानड़, बड़ागांव को निर्देशित किया है कि बच्चों के सर्वोत्तम हित एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर, की गई कार्यवाही से अवगत कराएं।

## ड्रिप-सिंचाई को बढ़ावा देने के निर्देश

# कलेक्टर ने एपीसी समूह के विभागों की प्रगति की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिला कलेक्टर प्रीति यादव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ए.पी.सी समूह में शामिल कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी एवं जल संसाधन आदि विभागों की विभागीय योजनाओं की प्रगति की विभागवार विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बीमा योजना के तहत जिले के अधिकाधिक किसानों, विशेषकर अऋणी किसानों को प्रेरित कर खरीफ फसलों का बीमा करवाना सुनिश्चित करें।

### ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई का रकबा बढ़ाए

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत अधिकारियों को किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित करने एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति को बढ़ावा देने के लिए 5 वर्षीय कार्य योजना एवं लक्ष्य निर्धारित कर क्रियान्वयन करने को कहा। कुंडालिया सिंचाई योजना से लाभान्वित हो रहे किसानों को भी माइक्रो इरिगेशन की ड्रिप एवं स्प्रिंकलर पद्धति अपनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रेरित करने के निर्देश दिए।

### उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने पर जोर

कलेक्टर यादव ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि परंपरागत कृषि करने वाले किसानों को उद्यानिकी फसलें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाया जा सके। बैठक में खरीफ फसल कार्यक्रम,उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित कर उसका रकबा बढ़ाने जैसे बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# नए भवन में सांदीपनि स्कूल का संचालन हुआ प्रारम्भ







**नलखेड़ा।** हरिभूमि द्वारा सांदीपनि स्कूल का संचालन नए भवन में नही होने से आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर समाचार प्रकाशन के बाद करोड़ों रुपये की लागत के नए भवन में सांदीपनि स्कूल का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। नगर में एक वर्ष पूर्व से सांदीपनि स्कूल का नया भवन लगभग साढ़े सैतीस करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो चुका था लेकिन उस भवन में स्कूल का संचालन प्रारम्भ नही किया गया था। हरिभूमि द्वारा इस संबंध में प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन कर पुराने व छोटे भवन में स्कूल संचालन में विद्यार्थियों को आ रही परेशानियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था। समाचार प्रकाशन के बाद प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल प्रबंधन को स्कूल का संचालन नए भवन में प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए। जिसके चलते बुधवार से कक्षा 9वीं से 12वीं एवं गुरुवार से 6टी से 12वीं की कक्षाओं का संचालन नए भवन में प्रारम्भ कर दिया गया है। सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में प्री प्रायमरी व प्रायमरी कक्षाओं का संचालन भी नए भवन में प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

### बसों की समस्या से होगा सामना

सांदीपनि स्कूल में छात्रों की संख्या के मान से उन्हें स्कूल लाने ले जाने के लिए लगभग 22 बसों की आवश्यकता होगी जबकि अभी इसकी तुलना में मात्र 12 बसें स्कूल में लगी हुई है। ऐसे में छात्रों के सामने बसों की एक बड़ी समस्या सामने होगी। गौरतलब है कि अभी तक सांदीपनि स्कूल नगर के मध्य लग रहा था तो स्थानीय छात्र छात्राओं को लाने ले जाने के लिए बस की आवश्यकता नही थी अब जबकि स्कूल नए भवन बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने संचालित होने लगा है तो अब सभी छात्र छात्राओं को लाने ले जाने के लिए बसों की आवश्यकता होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन द्वारा इसके संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

### सड़कों पर गौवंश का डेरा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**नलखेड़ा।** नगर की सड़कों पर गौवंश का डेरा हो चुका है। कई बार तो निकलने का रास्ता तक नही मिलता है। ऐसे में किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इन दिनों नगर की सड़कों पर लावारिस गौवंश बड़ी संख्या में दिखाई दे रहा है। कहीं कहीं तो अधिक संख्या में एक साथ बैठ जाने अथवा खड़े रहने से ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क पर ही इन्होने कब्जा जमा लिया हो।

# जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा और विश्व शांति महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान किया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अतिशय क्षेत्र श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित कस्बा मे नवीन वेदी प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव के तृतीय दिवस संत शिरोमणी समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर सागर जी महाराज से दीक्षित वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री अक्षय सागर महाराज की प्रेरणा से नव निर्मित वेदी जी पर तीर्थंकर भगवान की त्रिमूर्ति मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य मे सकल जैन समाज ने संकल्प अनुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर विराजमान कर धर्म लाभ अर्जित किया। मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज , छुल्लक श्री तत्व सागर जी महाराज के सानिध्य मे प्रतिष्ठाचार्य विमल भैय्या ,बृहमचारी अमन भैय्या जी के निर्देशन संगीतकार धर्मवीर के मधुर संगीत के साथ प्रातः तीर्थंकर भगवान कि प्रतिमा के अभिषेक, मुनि श्री के मुखारविंद 108 मंत्र के जाप से श्रध्दालुओ ने शांति धारा विशेष पूजा अर्चना कर बड़े बाबा साहब तीर्थंकर भगवान श्री शीतलनाथ तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ, अतिशय चिंतामणी श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा मुनि श्री अक्षय सागर जी कि प्रेरणा से सकल जैन समाज ने संकल्प अनुसार नवीन वेदी पर प्राचीन अतिशयकारी त्रिमूर्ति तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा विधी विधान से निर्धारित वस्त्र सोले के कपड़े धोती दुपटा पहनकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर विराजमान किया तथा मुख्य पात्रों के साथ सकल जैन समाज ने पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने अमृत वाणी से धर्म सभा मे श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए मंगल प्रवचन के दौरान कहां कि प्रतिदिन मंदिर आना जरुरी है क्योकि भगवान की मूर्ति देखकर अपनी आत्मा के दर्शन हो जाते है। शास्त्र को पढने के लिए संस्कृत प्राकृत भाषा की जानकारी होना आवश्यक है। तब आत्मा का स्वरुप ज्ञान हो सकता है । परन्तु भगवान की प्रतिमा के दर्शन करने ,देखने से अपने आत्मस्वरूप समझ मे आई जाता है। इसलिए हमारे माता पिता मंदिर जाने को कहते थे पर तब अबोध होने से मंदिर जाने से बचते थे । पर अब ऐसा नही करना है । प्रतिदिन हमे मंदिर आकर दर्शन पूजन विधानादि कार्य पूरे मनोयोग से करना चाहिए। इतिहास मे श्री राम हनुमान जी आदि भगवान के दर्शन, तप से भगवान बन गए। भगवत दर्शन हमे सम्यग्दर्शन का कारण हो सकते है। सम्यग्दर्शन कहते है सच्चे भगवान और गुरु पर विश्वास करना। वेदी प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ कर विश्व शांति की कामना को लेकर उत्तम वर्षा की भावना के साथ हवन किया गया।

## बुक से आंगनबाड़ी के नौनिहालों की शुरुआती शिक्षा को मिलेगी उड़ान

# उड़ान नामक शिक्षण पुस्तक का किया जा रहा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को उड़ान नामक शिक्षण पुस्तक का वितरण किया गया। शुगर फैक्ट्री के पीछे गणेश मंदिर रोड वार्ड क्रमांक 25 स्थित सॉल्वेंट कॉलोनी के आंगनबाड़ी केंद्र 90 में उड़ान पुस्तक और खिलौनों का वितरण किया। उड़ान पुस्तक में कुल 32 पृष्ठ हैं। इनमें बच्चों को रंगों के नाम, फलों और सब्जियों की पहचान, पशु-पक्षियों के नाम, हिंदी वर्णमाला (अ, आ, इ, ई), गिनती, आकृतियों की पहचान, दैनिक उपयोग की वस्तुओं को पहचानना, चित्र मिलान, स्मरण शक्ति बढ़ाने वाले अभ्यास, सरल प्रश्नोत्तरी और गतिविधियों के माध्यम से सीखने की सामग्री जैसी गतिविधियां हैं। यह बुक आयुषी स्वामी ने अपने स्वर्गीय पिता और जिले के खेल अधिकारी रह चुके आनंद स्वामी की स्मृति को समर्पित एक पहल की। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में खेल-खेल के माध्यम से सीखने की रुचि बढ़ाना और स्कूल जाने से पहले उनकी बुनियादी शैक्षणिक



तैयारी को मजबूत करना है। इस बुक में बच्चों की सीखने की क्षमता, रुचि और समझ को विकसित करने आकर्षक गतिविधियां हैं। हर गतिविधि ऐसी है कि बच्चे पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि एक मनोरंजक खेल की तरह महसूस करें।

### घर पर भी होगी पढ़ाई की निरंतरता

इस पुस्तक की विशेषता यह है कि बच्चे इसे घर ले जाकर अपने माता-पिता के साथ भी अभ्यास कर सकेंगे। इससे अभिभावकों की भी बच्चों की शुरुआती शिक्षा में भागीदारी बढ़ेगी और आंगनबाड़ी में सीखी गई बातें घर पर भी दोहराई जा सकेंगी।

### प्रगति का होगा सरल आंकलन

उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा तो दी जाती है, लेकिन औपचारिक परीक्षा नहीं होती। उड़ान पुस्तक के माध्यम से बच्चों की सीखने की प्रगति का सहज मूल्यांकन किया जा सके। इससे कार्यकर्ताओं को भी यह समझने में आसानी होगी कि किस बच्चे को किस विषय पर अधिक अभ्यास की आवश्यकता है।

### क्या है पुस्तक में...

पुस्तक में पहली गतिविधि सही चित्र पर गोला लगाने से शुरु होती है। यहां अलग-अलग एनिमल के चित्र दिए गए हैं। एक लाइन एक एनिमल के तीन चित्र हैं। इसमें बच्चों को सही चित्र पर गोला लगाना है। इससे बच्चों को एनिमल की पहचान होगी। जिस तरफ ज्यादा फल हैं, उनमें रंग भरना जैसी गतिविधियां हैं। इस बुक को रॉकेट लर्निंग एजेंसी ने तैयार किया है।

## बिजनेस साइट

### बदलते मार्केट में मल्टी-एसेट एलोकेशन क्यों जरूरी है

**उज्जैन।** कोई भी एक एसेट क्लास हर मार्केट साइकिल में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है। इकोनॉमिक ग्रोथ के समय इक्विटी से अच्छा रिटर्न मिलता है, अनिश्चित समय में डेट स्थिरता देता है, जबकि महंगाई या जियोपॉलिटिकल तनाव के समय अक्सर सोने की कीमत बढ़ती है। वेस्ट एशिया में हालिया संघर्ष इस बात की याद दिलाता है कि ग्लोबल घटनाएं तेज़ी से मार्केट के ट्रेंड को बदल सकती हैं, जिससे इक्विटी में उतार-चढ़ाव आ सकता है, जबकि निवेशक सोने और फिक्स्ड इनकम में सुरक्षा ढूंढते हैं। जैसे-जैसे मार्केट साइकिल में लीडरशिप बदलती है, सिर्फ़ एक एसेट क्लास पर निर्भर रहने से पोर्टफोलियो का रिस्क बढ़ सकता है, इसलिए डाइवर्सिफिकेशन उतार-चढ़ाव को मैनेज करने और लंबे समय में मज़बूत वेल्थ बनाने का एक बेहतर तरीका है।



ऋषभ धारीवाल
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, उज्जैन

मल्टी-एसेट इन्वेस्टिंग की वैल्यू

मल्टी-एसेट इन्वेस्टिंग रिटर्न के लिए सिर्फ़ एक सोर्स पर निर्भर रहने के बजाय अलग-अलग एसेट क्लास में कैपिटल को बांटती है। इसका मकसद अगला विनर चुनना नहीं है, बल्कि एक ऐसा पोर्टफोलियो बनाना है जो रिस्क और रिटर्न को बैलेंस करते हुए बदलते मार्केट के हालात का सामना कर सके।

अलग-अलग एसेट, अलग-अलग भूमिकाएं

एक डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो में आमतौर पर लंबे समय की ग्रोथ के लिए इक्विटी, स्थिरता और इनकम के लिए डेट, और महंगाई व मैक्रो-इकोनॉमिक अनिश्चितता से बचाव के लिए सोना या चांदी शामिल होते हैं। क्योंकि ये एसेट क्लास अक्सर अलग-अलग तरह से चलते हैं, इसलिए एक सेगमेंट में कमजोरी की भरपाई दूसरे सेगमेंट की मजबूती से हो सकती है, जिससे समय के साथ पोर्टफोलियो का परफॉर्मेंस बेहतर बना रहता है।

रीबैलेंसिंग क्यों जरूरी है

मार्केट की हलचल धीरे-धीरे पोर्टफोलियो के ओरिजिनल एलोकेशन को बदल सकती है। रेगुलर रीबैलेंसिंग से तय मिक्स को फिर से हासिल किया जाता है - इसके लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले एसेट को कम किया जाता है और पीछे रह गए एसेट में निवेश बढ़ाया जाता है। यह अनुशासित तरीका समय के साथ निवेशक के फाइनेंशियल लक्ष्यों के हिसाब से रिस्क को बनाए रखने में मदद करता है।

आसान निवेश का विकल्प

जो निवेशक आसानी चाहते हैं, उनके लिए मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड ऑफ़ फंड्स एक ही प्रोडक्ट में डाइवर्सिफिकेशन का विकल्प देते हैं। ये फंड कई एसेट क्लास में निवेश करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो एक ही पोर्टफोलियो में स्ट्रक्चरल डाइवर्सिफिकेशन देते हैं। प्रोफेशनल फंड मैनेजर मार्केट पर नज़र रखते हैं, पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करते हैं और ज़रूरत के हिसाब से एलोकेशन में बदलाव करते हैं, जिससे निवेशकों को कई निवेशों को एक्टिव रूप से मैनेज करने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

ऐसा ही एक फंड है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट एक्टिव एफओएफ, जो अंडरलाइंग स्कीम के ज़रिए इक्विटी, डेट और सोना/चांदी में निवेश करता है और मार्केट की स्थितियों व हर एसेट क्लास के आकर्षण के आधार पर एलोकेशन को प्रभावशाली रूप से एडजस्ट करता है। रिसर्च-बेस्ड इनपुट और इंटरनल इन्वेस्टमेंट मॉडल का इस्तेमाल करके एलोकेशन को एक्टिव रूप से रीबैलेंस किया जाता है। यह फंड मार्केट को टाइम करने या फंड के बीच स्विच करने की ज़रूरत को भी कम करता है। एनएफओ 14 जुलाई, 2026 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है।

## खबर संक्षेप

### सांसद पाटिल पहुंचे कन्नौजे के निवास



**चापड़ा।** पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे के निधन पर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल कन्नौजे के निवास पर शुक्रवार को पहुंचे। पाटिल ने कन्नौजे को कर्मशील बताते हुए कहा कि कन्नौजे के निधन से बागली को अत्यंत क्षति पहुंची है। पाटिल ने परिजनों को ढांडस बंधाया पाटिल के साथ भाजपा नेता सुनील पुरोहित पूर्व मंडी अध्यक्ष महेंद्र यादव सुनील प्रजापत सुदीप पाठक सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय महाकुंभ 12 जुलाई को भोपाल में

**देवास।** गोल्ड अप्रेज़र वेलफेयर फाउंडेशन, मध्य प्रदेश द्वारा 12 जुलाई (रविवार) को सुबह 9:30 बजे से कान्हा फन सिटी, भोपाल में राज्य स्तरीय गोल्ड अप्रेज़र्स सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।
एसोसिएशन अध्यक्ष संजय जैन देवास ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेशभर के गोल्ड अप्रेज़र्स, स्वर्ण मूल्यांकन विशेषज्ञ, राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी तथा बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ सहित प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी सदस्य होंगे। सम्मेलन में गोल्ड लोन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक बनाने, गोल्ड अप्रेज़र्स की भूमिका सहित कई विषण है।

### जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की समीक्षा बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के निर्देश

# जिले के सभी स्कूलों का होगा निरीक्षण लापरवाही पर होगी कार्रवाई : सीईओ

निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई, अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों की जाएगी मॉनिटरिंग।




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ज्योति शर्मा ने जिले के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार और सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रत्येक माह अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों की मॉनिटरिंग भी की जाएगी।
जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सीईओ ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि केवल कागजी समीक्षा से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव नहीं है, बल्कि विद्यालयों में जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करना आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय का समय-समय पर निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और अध्ययन स्तर का मूल्यांकन करें।

#### पुस्तिकाएं हर छात्र तक पहुंचाने के निर्देश

सीईओ ने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए अभ्यास पुस्तिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक संसाधन केंद्र समन्वयकों (बीआरसीसी) को इसकी नियमित निगरानी की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय में पाठ्य सामग्री की कमी नहीं रहनी चाहिए।

#### एफएलएन रहेगा बैठकों का मुख्य एजेंडा

शैक्षणिक सुधारों को गति देने के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिए कि जुलाई माह में आयोजित होने वाली सभी विकासखंड स्तरीय बीआरसीसी-बीपीएमयू बैठकों का मुख्य एजेंडा 'एफएलएन' (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) रखा जाए, ताकि बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान को और मजबूत किया जा सके।

#### लेखन और तार्किक क्षमता सुधारने पर विशेष फोकस

बैठक में वार्षिक मूल्यांकन के आंकड़ों की समीक्षा के दौरान सामने आया कि विद्यार्थियों का मौखिक प्रदर्शन संतोषजनक है, लेकिन लेखन एवं उच्च-स्तरीय दक्षताओं में सुधार की आवश्यकता है। इस पर सीईओ शर्मा ने कहा कि यह बच्चों की क्षमता की कमी नहीं, बल्कि कक्षा शिक्षण को और प्रभावी बनाने की जरूरत का संकेत है। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों की लेखन शैली, अभिव्यक्ति और तार्किक सोच विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

#### अगली बैठक में होगी समीक्षा

सीईओ शर्मा ने बताया कि अगली समीक्षा बैठक में विद्यालयों में हुए वास्तविक बदलावों, विद्यार्थियों तक पाठ्यपुस्तकों और अभ्यास सामग्री की उपलब्धता तथा अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# पहली बारिश में तेज बहाव से बह गया पुल का हिस्सा

### निर्माण करने और मरम्मत के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के गांव होशयारी में शिप्रा नदी पर बना मिनी डैम पहली ही तेज बारिश में बह गया।
कुछ माह पहले ही प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने इसका लोकार्पण किया था, लेकिन अब डैम की सीमेंट-कांक्रीट से बनी रिटेनिंग वॉल तेज बहाव में बह गई। लगभग तीन-चार माह पहले ही इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ था, जिससे पुल की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना गुरुवार को सामने आई, जब पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों की लागत से बना यह पुल पहली ही बारिश का दबाव नहीं झेल सका। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जिस पुल से वर्षों तक आवागमन की उम्मीद थी, वह इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गया। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और संबंधित निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।
स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने और दोषी अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस सम्बंध में ग्रामीणों ने विधायक मनोज चौधरी को सूचना दी, जिस्के बाद वे भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने और तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए हैं।
जल संसाधन विभाग की एसडीओ नेहा दुबे ने बताया कि तेज बहाव के कारण रिटेनिंग वॉल के अंदर की मिट्टी निकलने से प्रोटेक्शन वॉल के पास धंसाव हुआ है। फिलहाल अस्थायी मरम्मत कराई जा रही है, जबकि वर्षा समाप्त होने के बाद करीब 15 से 20 मीटर हिस्से का स्थायी रूप से पुनर्निर्माण कराया जाएगा।

### 125 श्रद्धालु करेंगे श्री गिरिराज धरण परिक्रमा, भजन-कीर्तन से भक्तिमय बनेगी यात्रा

**लोहारदा।** देवास जिला माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में आगामी 14 अगस्त को श्री गिरिराज धरण परिक्रमा के लिए जिलेभर से करीब 125 युवा, महिलाएं एवं बच्चे इंदौर और देवास से रेलमार्ग द्वारा रवाना होंगे। यात्रा को लेकर समाज जनों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिला माहेश्वरी युवा संगठन के जिला अध्यक्ष राम सिंगी (कांटाफोड़) एवं जिला सचिव अर्पित मुंदड़ा ने बताया कि जिलेभर के समाजबंधु इस चार दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा में एक साथ शामिल होंगे। यात्रा के दौरान रेल टिकट, भोजन, बरसाना में मनोरथ ,यमुना जी चुनरी मनोरथ सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं संगठन द्वारा की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रा का विशेष आकर्षण जिले के प्रसिद्ध भजन गायक द्वारकाधीश मंत्री एवं उनकी भजन मंडली रहेगी, जो पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेगी। यह यात्रा व्यंकटेश मंदिर, छत्रीबाग के पूज्य स्वामी विष्णु प्रपन्नाचार्य जी महाराज के पावन आशीर्वाद से 14 अगस्त से 17 अगस्त तक संपन्न होगी। यात्रा के सफल आयोजन में देवास सभा के निवर्तमान अध्यक्ष कैलाश डागा का विशेष योगदान रहा है। वहीं माहेश्वरी समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार होलानी, जिला सचिव संतोष माहेश्वरी, पश्चिमांचल सदस्य मनोज तापड़िया, महिला मंडल जिला अध्यक्ष रितु तापड़िया तथा जिला सचिव मनीषा लाठी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया है।

# जिला स्तरीय उद्योग समितियों में अशासकीय सदस्यों का मनोनयन, जैन व मांगरोलिया को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, देवास द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले की उद्योग संबंधी विभिन्न जिला स्तरीय समितियों में अशासकीय सदस्यों का मनोनयन किया गया है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों तथा प्रभारी मंत्री की स्वीकृति के आधार पर की गई है।
जारी आदेश के अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति में प्रभारी मंत्री द्वारा अनुमोदित अशासकीय सदस्य के रूप में मनीष जैन का मनोनयन किया गया है। वहीं जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड में पूर्व से अध्यक्ष, उद्योग संघ देवास एवं अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, देवास सदस्य हैं।
इनके अतिरिक्त प्रभारी मंत्री की स्वीकृति से बंटी मांगरोलिया को अशासकीय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। आदेश के अनुसार जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का मुख्य उद्देश्य जिले में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) के विकास के लिए प्राप्त सुझावों एवं परामर्शों पर कार्यवाही करना, उद्योगों के समक्ष आने वाली समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करना तथा राज्य स्तर के निर्णयाधिकार वाले विषयों को आवश्यक कार्यवाही के लिए राज्य स्तरीय संवर्धन बोर्ड को प्रेषित करना है। मनोनीत पदाधिकारी जैन व मंगरोलिया ने देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी व भाजपा जिलाध्यक्ष राय सिंह सेंधव के प्रति आभार माना। यह आदेश महाप्रबंधक एवं सदस्य सचिव, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, देवास द्वारा कलेक्टर की स्वीकृति के उपरांत जारी किया गया।

# कमलापुर पुलिस ने फरार इनामी आरोपी को 800 किमी दूर गुजरात जूनागढ़ से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ऑपरेशन हवालात के तहत थाना कमलापुर पुलिस व्दारा कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे पुलिस टीम व्दारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे रायसिंह उर्फ रिशु पिता इड्या डोड़वे जाति भील उम्र 38 साल निवासी ग्राम झीकड़ी बोरी थाना बागली को 800 किलोमीटर दूर जूनागढ़ गुजरात से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय बागली में पेश किया गया, जिसका जेल वारंट बनने से उप जेल बागली में दाखिल किया गया। उक्त प्रकरण के फरार आरोपी रायसिंह उर्फ रिशु की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 1000 के इनाम की घोषणा की गई थी। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मीणा के साथ सहायक उप निरीक्षक भीमलाल गणावा, प्र. आर. राजेंद्र शर्मा, भगवती प्रसाद खरे, सचिन चौहान सयबर सेल देवास,आर. विवेक गांगे की सराहनीय भूमिका रही।

### महापौर ने किया रैन कोट का वितरण

**देवास।** वर्षाकाल मे सफाई मित्रों को बारिश से बचाव के लिए अपने कार्य को ओर सुविधाजनक करने के लिए महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा पुरूष एवं महिला सफाई मित्रों को रैनकोट का वितरण विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिहं बैस, पार्षद प्रतिनिधि नितीन आहूजा के साथ निगम बैठक हाल मे किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था मे हमारे सफाई मित्र अपना अहम योगदान देते हैं। बारिश से बचाव के लिए तथा उनके स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उनके स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए रैन कोट का वितरण किया गया। विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने कहा कि सफाई मित्र निगम की कार्य व्यवस्थाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। शेष कर्मचारी जो निगम से संबंधित कार्य फिल्ड मे करते हैं उनको भी रैन कोट का वितरण शीघ्र ही किया जावेगा।

# लाखों की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय वर्षों से बंद, ताले में कैद सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित टोंकखुर्द नगर का सार्वजनिक सुलभ शौचालय वर्षों से बंद पड़ा है। शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लटका होने से स्थानीय व्यापारियों, रहवासियों और बाजार आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में कई लोग शौचालय के बाहर ही खुले में शौच व लघुशंका करते नजर आते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और गंदगी का माहौल बना हुआ है। नगर के मध्य स्थित शक्ति माता चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा के पास और सब्जी मार्केट क्षेत्र में बने इस शौचालय के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन निर्माण के बाद से ही यह आम लोगों के उपयोग के लिए नहीं खोला गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर परिषद को लिखित शिकायत देकर शौचालय चालू कराने की मांग की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, लेकिन शौचालय बंद होने से महिलाओं, बुजुर्गों और बाहर से आने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। इस मामले में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश वैद्य ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में अभी आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि पिछले 8-9 महीनों से पदस्थ होने के बावजूद इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया गया, इस पर उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही। टोंकखुर्द नगर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश धाकड़ सहित स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर परिषद ने शौचालय के पास की दुकानों को किराए पर तो दे दिया, लेकिन दुकानदारों और आम नागरिकों को मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

### जनसंघ से भाजपा तक के संघर्ष के साक्षी श्याम अग्रवाल से मिले सांसद सोलंकी

# हमारे प्रेरणापुंज पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता: सांसद





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी गुरुवार रात्रि नयापुरा स्थित श्याम सुंदर अग्रवाल के निवास पर पहुंचे। सांसद सोलंकी ने उनका कुशलक्षेम जाना। 95 वर्षीय श्याम अग्रवाल भाजपा के वे पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जो भाजपा की बुनियाद-नींव में हैं। नींव के पत्थर हैं। लोकसभा क्षेत्र में अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान सांसद सोलंकी पार्टी के पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट, संवाद करना, सम्मान करना नहीं भूलते हैं। अग्रवाल के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, स्व. कैलाश जोशी, स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जैसे नेताओं के साथ नजदीकी संबंध रहे है। अग्रवाल ने सदैव निष्काम, समर्पित भाव से भाजपा के लिए कार्य किया। 1975 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लोकतंत्र को कैद करके लगाए गए आपातकाल के दौरान उन्होंने 19 महीने तक जेल की यातनाएं झेली। देशभर में अग्रवाल जैसे कई पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने जनसंघ के गठन से डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत के संकल्प, पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन एवं 1980 में भाजपा की स्थापना से उसकी पंच निष्ठाओं को आत्मसात कर, प्रतिकूल परिस्थितियों में संघर्ष करते, लोहा लेते हुए जीवन पर्यंत बिना किसी नाम और चाह के भाजपा संगठन की जड़ों को गहराई तक सींचा है, जिनकी बदौलत भाजपा आज वटवृक्ष के रूप में राजनीति के शिखर को छू रही है। गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भाजपा का ध्वज फहरा रहा है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल किए हुए है।
सांसद सोलंकी के साथ इस अवसर पर प्रसिद्ध इतिहासकार दिलीप सिंह जाधव, अजीत भल्ला, शंभू अग्रवाल, शेखर कौशल, पार्षद प्रवीण वर्मा, आचार्य कमल शर्मा, विकास सांगते, सांसद प्रतिनिधि भोजराज सिंह ठाकुर, पंकज सोनी, शुभम जाधव, जयंत सिसोदिया, अनुज भैया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता हमारी अनमोल धरोहर

सांसद सोलंकी ने श्याम अग्रवाल के हालचाल जानते हुए उनके सुपुत्र सुभाष अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल से आत्मीय संवाद किया। सोलंकी ने इस खास भेंट के अवसर पर कहा कि श्याम जी जैसे पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता हमारी अनमोल धरोहर हैं, प्रेरणापुंज हैं। देश में इन्हीं जैसे पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सुसंस्कारों पर आधारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आसन्न है। मोदी जी के मन में पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति गहन आदर व श्रद्धा का भाव है। वे अक्सर पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलते-जुलते, उनका सम्मान करते नजर आते हैं। आजादी के बाद हाल ही में पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की ऐतिहासिक विजय के उपरांत मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी जी के भव्य शपथग्रहण समारोह के मंच पर प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा डॉ. मुखर्जी के साथ देश की अखंडता के लिए संघर्ष करने वाले बंगाल के पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता 98 वर्षीय माखनलाल सरकार का पैर छूते हुए किया गया सम्मान इसका प्रत्यक्ष प्रेरणादायी उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### विश्व युवा कौशल दिवस पर 14 को रोजगार मेला

**ललितपुर।** बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर आने वाला है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में 14 जुलाई 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिद्धन रोड में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में देश और प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। जिला समन्वयक एवं राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने बताया कि मिशन निदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित इस रोजगार मेले में लगभग 7 से 10 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियों के पास विभिन्न क्षेत्रों में करीब 500 रिक्त पद उपलब्ध हैं, जिन पर योग्य युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित अभ्यर्थी, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के प्रशिक्षित युवा, जिला सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार, राजकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण अभ्यर्थी, दिव्यांगजन, जीरो पावर्टी श्रेणी के अभ्यर्थी तथा अन्य पात्र बेरोजगार युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। रोजगार मेला 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिद्धन रोड परिसर में आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ अद्यतन बायोडाटा (रिज्यूमे), समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति, आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटो लेकर पहुंचना होगा। प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### मशीन वितरण के लिए 15 को साक्षात्कार

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की खादी नीति के अंतर्गत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन एवं पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन के वितरण के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में जनपद स्तर पर पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए 15 जुलाई को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर.डी. वर्मा द्वारा जारी पत्र के अनुसार साक्षात्कार 15 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, स्टेशन रोड में आयोजित होगा। साक्षात्कार के माध्यम से पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें योजना के तहत मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन अथवा पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने इन मशीनों के लिए पूर्व में आवेदन किया है, वह निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल अभिलेखों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से साक्षात्कार में उपस्थित हों। निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार करना संभव नहीं होगा।

### मार्ग के नाले पर बना रोड सार्वजनिक नहीं

**ललितपुर।** जनसंपर्क अधिकारी रेलवे मनोज कुमार ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया है कि बीना झांसी रेल मार्ग पर माताटीला बसई रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित ब्रिज संख्या 1083/1 एक है, जिसका निर्माण केवल जल निकासी के उद्देश्य से किया गया है। यह पुल आम जनता के आवागमन अथवा रेलवे ट्रैक पार करने हेतु अधिकृत मार्ग नहीं है। मानसून अवधि में पुल पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण इसके उपयोग से जनहानि अथवा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अतः जन-सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त ब्रिज से आम जनता का आवागमन प्रतिबंधित है। जनता आवागमन अथवा रेलवे ट्रैक पार करने के लिए केवल अधिकृत वैकल्पिक मार्ग रोड अंडर ब्रिज संख्या 348 (झांसी छोर पर) एवं समपार फाटक संख्या 347 (बीना छोर पर) का ही उपयोग करें।

### जिले में दैवीय आपदा प्रबंधन की योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए

# गांव में आपदाओं के प्रति चलाएं जागरूकता अभियान, ग्राम प्रधानों को दें प्रशिक्षणः निर्मल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में जिले में दैवीय आपदा प्रबंधन की योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सभापति ने समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपदा के दौरान प्रभावित व्यक्ति के साथ खडे हों तथा आपदा प्रबंधन द्वारा ग्राम प्रधानों के साथ समय-समय पर प्रशिक्षण व बैठक करायी जाए, जिससे ग्राम समुदाय में दैवीय आपदा की जानकारी रहे और आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न आपदाओं (सर्पदंश, डूबने, आकाशीय विद्युत) आदि पर जागरुकता हेतु कार्ययोजना तैयार कर जागरुकता अभियान चलाया जाए, जिससे आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सके।

सभापति के आगमन पर जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। तदोपरान्त समीक्षा शुरू की गई, उन्होंने दैवीय आपदा से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जनपद में कौन-कौन सी आपदाएं प्रभावित करती हैं, आपदाओं के प्रभाव को कम करने हेतु की जाने वाली कार्यवाही, विभिन्न आपदाओं पर दी जाने वाली राहत राशि, आपदा से निपटने के तरीकों पर संवाद, दामिनी ऐप, सचेत ऐप आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आकाशीय विद्युत, डूबने, सर्पदंश, सूखा, अतिवृष्टि आदि पर विस्तृत जानकारी लेते हुए आम जन-मानस के बीच जागरुकता अभियान चलाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील ग्रामों में संभावित आपदा के संबंध में जागरुकता कार्यशाला/राहत चौपाल लगाकर आम लोगों को जागरुक किया जाए। सभापति ने आपदा के जोखिम न्यूनीकरण व पुनर्वास एवं आपदा कंट्रोल रूम के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पांच वर्षों में किए कार्यों/राहत राशि वितरण व आपदा प्रबंधन व क्षतिपूर्ति योजनाओं के बारे में सभापति को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि घटना, दुर्घटना/आपदा के समय त्वरित कार्यवाही की जाती है तथा समय-समय पर आपदा कार्यशाला/मासिक बैठक/ग्राम चौपाल/राहत चौपाल कर आम जनमानस व विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को ऋतु पूर्व आपदा के संबंध प्रशिक्षण/जानकारी दी जाती है। जनपद में सोसल मीडिया, व्हाटसऐप ग्रुप, ट्वीटर एवं फेसबुक के माध्यम से मौसम विभाग द्वारा दी जाने वाली जानकारियों को आम जनमानस तक प्रसारित किया जाता है। स्कूल, डिग्री कॉलेज, हॉस्पिटल, मॉल आदि में मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय क्या करें, क्या न करें संबंधित जानकारी आम-जनमानस को दी जाती है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026-27 में आकाशीय बिजली से हुई 7 जनहानियों के सापेक्ष 28 लाख, 2 पशु हानि में 75 हजार व 1 घायल व्यक्ति को 54 सौ की क्षतिपूर्ति दी गई है, इसी प्रकार पानी में डूबने से हुई 13 जनहानियों में 52 लाख, आंधी तूफान से हुई 1 जनहानि में 4 लाख, 1 पशुहानि में 37 हजार 500, 2 घायलों को 10 हजार 800 एवं 3 मकानों की क्षति हेतु 12 हजार की क्षतिपूर्ति दी गई है। सर्पदंश से हुई 1 जनहानि में 7 जनहानियों में 28 लाख, 4 पशुहानि में 1 लाख 50 हजार की क्षतिपूर्ति तथा अतिवृष्टि के कारण 2 मकानों की क्षति के लिए 8 हजार व अग्निकाण्ड के कारण 4 मकानों की क्षति के लिए 28 हजार की क्षतिपूर्ति दी गई है। इस प्रकार कुल 28 जनहानियों में 11200000, 7 पशुहानियों में 262500, 3 घायलों को 16200 व 4 क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 48000 की क्षतिपूर्ति वितरित की गई है। आपदा प्रबंधन की समीक्षा उपरान्त मा0 सभापति द्वारा जनपद/ग्राम स्तर पर प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गयी। इसके उपरान्त सभापति द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना की समीक्षा की गई, जिस पर जिला विकास अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 तक कुल 9098 लाभार्थियों को आवास का लाभ प्रदान किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति के कुल 1577 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है, जिसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में बसोड़ जाति के कुल 777 परिवारों को लाभांवित किया जा चुका है एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु बसोड़ जाति के 425 लाभार्थियों का पंजीकरण करा दिया गया है, जिनके खातों में धनराशि का हस्तांतरण अतिशीघ्र करा दिया जायेगा। इस पर सभापति द्वारा बसोड़ जाति की बहुलता वाली ग्रामों हेतु विशेष प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गयी है तथा शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किये जाने एवं उनका लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गये है, जिससे उनके सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार हो सके। उक्त समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, आपदा विशेषज्ञ श्रीमती आरती सिंह आदि उपस्थित रहे।



### हाई-प्रोफाइल मामले में विवेचना शुरू

# निवृर्तमान एसपी एलवी एंटोनी देवकुमार समेत 6 पर एफआईआर

-तीन सुसाइड नोट पुलिस के कब्जे में, सेवानिवृत्त शिक्षक ने सुसाइड नोट में लगाए थे आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना बार क्षेत्र के ग्राम बुरागांव-चिगलौआ निवासी 78 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम गोस्वामी की संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खाने से हुई मौत के मामले ने शुक्रवार को बड़ा कानूनी मोड़ ले लिया। मृतक के पुत्र अनुराग गोस्वामी की तहरीर पर बार थाना पुलिस ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एल.वी. एंटनी देवकुमार समेत छह नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार दर्ज मुकदमे में बीएनएस की धारा 108 तथा धारा 308(4) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे राजाराम गोस्वामी ने अपने पुत्र अनुराग गोस्वामी को फोन कर घर बुलाया। परिजनों का आरोप है कि जब अनुराग घर पहुंचे तो उनके पिता विषाक्त पदार्थ के सेवन के कारण गंभीर हालत में थे। उन्हें तत्काल उपचार के लिए बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का कहना है कि अस्पताल ले जाते समय राजाराम गोस्वामी ने अपनी जेब से तीन हस्तलिखित सुसाइड नोट निकालकर पुत्र को सौंपे। बताया गया कि यह पत्र थाना प्रभारी बार, पुलिस अधीक्षक ललितपुर तथा न्यायालय के नाम लिखे गए थे। पुलिस ने इन पत्रों को अपने कब्जे में लेकर जांच का महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए सुरक्षित कर लिया है। अब इन सुसाइड नोटों की सामग्री विवेचना का प्रमुख आधार बनेगी।

#### चौबीस वर्ष पुराने विवाद का जिक्र

मृतक के पुत्र द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2002 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एल.वी. एंटनी देवकुमार द्वारा राजाराम गोस्वामी को चुनावी रंजिश में सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया था तथा उनके विरुद्ध एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। तहरीर में यह भी आरोप है कि राजाराम गोस्वामी ने उस मामले में न्यायालय की शरण ली थी, जिसके बाद से उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। एफआईआर में दावा किया गया है कि बीते कई वर्षों से गांव के कुछ लोग उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे, जिससे वे मानसिक तनाव में रहने लगे थे।

#### पांच लाख रुपए की मांग का भी आरोप

अनुराग गोस्वामी ने अपनी शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा उनके पिता से पांच लाख रुपये की मांग की गई थी और लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। उनका कहना है कि लंबे समय से चल रहे उत्पीडऩ और कथित धमकियों से परेशान होकर उनके पिता ने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि अभी जांच के दौरान की जाएगी और पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच के बाद ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

#### इन छह लोगों को बनाया गया नामजद आरोपी

बार थाना में दर्ज एफआईआर में तत्कालीन एसपी एल.वी. एंटनी देवकुमार, गोकुल प्रसाद पुत्र अजुद्दी बरार, कामता प्रसाद पुत्र अजुद्दी, देवेन्द्र कुमार पुत्र विद्याधर तिवारी, गुलाब पुत्र गोकुल प्रसाद बरार, छोटेलाल पुत्र खंजिया बरार को नामजद किया गया है।

#### एफआईआर की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन

एफआईआर दर्ज होने से पहले शुक्रवार को मृतक के परिजन, ग्रामीण एवं समर्थक बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। परिजनों का कहना था कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं होगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। बाद में पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए जाने और मुकदमा दर्ज होने के बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट, दस्तावेजी साक्ष्य, गवाहों के बयान तथा अन्य उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

### विरोध पर मारने की धमकी

# बंटवारे के बाद महिला को अपनी जमीन पर मकान बनाने से रोका

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम बिरधा में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे के बाद भी एक महिला को उसके हिस्से की भूमि पर मकान निर्माण करने से रोकने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पीड़िता की तहरीर पर पूराकलां थाना पुलिस ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम बिरधा निवासी ममता पत्नी नंदराम अहिरवार ने बताया कि पारिवारिक बंटवारे के बाद उन्हें उनके हिस्से की जमीन मिल चुकी है। आरोप है कि जिस भूमि पर वह अपना मकान बनवाना चाहती हैं, उसी पर गांव के कुछ लोग निर्माण कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि विपक्षी अपने हिस्से की जमीन पर पहले ही मकान बना चुके हैं, लेकिन उन्हें उनके हिस्से की भूमि पर निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। 8 जुलाई 2026 की सुबह लगभग 9.10 बजे ममता अपने पति नंदराम के साथ अपने हिस्से की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचीं। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद बलराम पुत्र मुलू तथा छोटू पुत्र बलराम अहिरवार ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी।

आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी तथा कहा कि यदि दोबारा मकान बनाने आए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। आरोपियों के कथित आक्रामक व्यवहार से भयभीत होकर दंपति वहां से वापस लौट आया। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी पहले भी उन्हें मानसिक रूप से परेशान करते रहे हैं और आए दिन विवाद कर निर्माण कार्य में बाधा डालते हैं। उन्होंने घटनाक्रम की लिखित शिकायत दी। पूराकलां पुलिस ने आरोपी बलराम और छोटू के विरुद्ध मुकदमा कायम किया है।

# नदी-नालों व नहरों के ठेके रोकने की मांग, मछुआ समाज ने ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** मछुआ समुदाय एवं रैकवार समाज के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नदी, नाले, छोटी एवं बड़ी नहरों के ठेके तत्काल रोके जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि जिले के अधिकांश मछुआ परिवारों की आजीविका मछली पकडऩे पर निर्भर है, लेकिन नदी-नालों और नहरों के ठेके दिए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मछुआ समाज का कहना है कि ठेकेदारी व्यवस्था के कारण उन्हें पारंपरिक रूप से मछली पकडऩे में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परिवारों का पालन-पोषण करना कठिन हो गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि जनपद की सभी छोटी-बड़ी नहरों, नदी एवं नालों के ठेके निरस्त अथवा रोके जाएं, ताकि मछुआ समुदाय बिना किसी बाधा के अपना जीवनयापन कर सके। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि बांधों के ठेके के नाम पर कुछ ठेकेदार, जिनमें अभय ठेकेदार एवं नूरी मुहम्मद का नाम भी शामिल है, मछुआ समुदाय को परेशान कर रहे हैं। इस मामले में उचित जांच कर कार्रवाई करने की भी मांग की गई। मछुआ समाज ने विश्वास जताया कि जिलाधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए न्यायोचित निर्णय करेंगे। इस ज्ञापन की एक प्रति उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डा.संजय कुमार निषाद को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन देते समय सोनू रैकवार, मुन्नालाल भगत, सुरेश, रामबाबू, संजय, नरेंद्र, राजकुमार, प्रदीप, कपिल, रामप्रसाद, पप्पू, गोयल, बाबू, निलेश, अजय, दीपक रैकवार, विशाल, करण, प्रदीप, भज्जू आदि के हस्ताक्षर बने हुए हैं।

# जैन तीर्थों के संरक्षण-संवर्धन के लिए महिलाओं ने संकल्प लिया

**ललितपुर।** भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के 125वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में इलाइट चौराहा स्थित एक होटल पर महिला मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर की विभिन्न महिला मंडलों की संयोजिकाओं ने जैन तीर्थों के संरक्षण, संवद्र्धन एवं विकास के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के अध्यक्ष जवाहरलाल जैन ने कहा कि प्राचीन जैन तीर्थ, मंदिर और मूर्तियां समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके संरक्षण में सभी की भागीदारी आवश्यक है। प्रांतीय महिला संयोजिका मीनू जैन ने महिला मंडलों से नियमित बैठकें आयोजित करने, तीर्थ वंदना, गुल्लक योजना को बढ़ावा देने और बुंदेलखंड के जैन तीर्थों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में उपाध्यक्ष इंजी.अनिल अंचल, संयुक्त महामंत्री डा.सुनील संचय, महामंत्री अनुपमा बजाज तथा अध्यक्ष अनीता मोदी सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। अंत में सभी ने जैन तीर्थों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### ललितपुर में साइबर ठगी पर पुलिस का बड़ा शिकंजा

# म्यूल बैंक खातों के इस्तेमाल पर 10 खाताधारकों पर मुकदमे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ललितपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे कथित म्यूल बैंक खातों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर जिले के तीन थानों कोतवाली ललितपुर, जखौरा और मड़ावरा में कुल 10 खाताधारकों के विरुद्ध अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि संबंधित बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस अब इन खातों के माध्यम से जुड़े अन्य लोगों और साइबर गिरोहों की भी जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है। पहले मामले में गांधीनगर निवासी अंश पंथ पुत्र वीरेन्द्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

उपनिरीक्षक आलोक सिंह की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में बताया गया कि आरोपी के बैंक खाते के विरुद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर ठगी की दो शिकायतें दर्ज थीं। दूसरे मामले में कटरा बाजार निवासी आकर्षण समैय्या पुत्र मनोज समैय्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। उपनिरीक्षक प्रशांत राणा की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में आरोपी के बैंक खाते के विरुद्ध साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई। तीसरे मामले में गांधीनगर निवासी नीरज पंथ पुत्र वीरेन्द्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खाते के खिलाफ भी दो साइबर शिकायतें दर्ज थीं। इस प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह कर रहे हैं। थाना जखौरा में उपनिरीक्षक विवेक धामा की तहरीर पर तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए।

आदिश जैन पुत्र अरविंद जैन, निवासी डूमरा मोहल्ला, जखौरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार उनके बैंक खाते का उपयोग साइबर ठगी से संबंधित धनराशि के लेन-देन में पाया गया। विवेचना उपनिरीक्षक अभिषेक पंवार कर रहे हैं। इसी प्रकार ऋषभ पुत्र नाथूराम सेन, निवासी ग्राम सिरसी के खिलाफ एफआईआर तथा प्रज्वल सिंह पुत्र तपेन्द्र, निवासी वार्ड नंबर-9, जखौरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। दोनों मामलों की जांच क्रमश उपनिरीक्षक दिलीप कुमार एवं उपनिरीक्षक अरुण कुमार को सौंपी गई है। थाना मड़ावरा पुलिस ने उपनिरीक्षक प्रवीण की तहरीर पर चार अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। प्रियांश पुत्र विक्रम, निवासी ग्राम रनगांव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार उनके बैंक खाते पर साइबर अपराध से जुड़ी पांच शिकायतें दर्ज थीं। विवेचना उपनिरीक्षक सूर्य प्रकाश यादव कर रहे हैं।

इसी गांव के रवि सिंह यादव पुत्र प्रान सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। उनके खाते पर भी पांच शिकायतें दर्ज मिलीं। जांच सूर्य प्रकाश यादव को सौंपी गई है। हल्ले पुत्र लोटन सिंह, निवासी गिरार रोड, रनगांव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार उनके खाते के विरुद्ध छह साइबर शिकायतें दर्ज थीं। इस मामले की जांच भी उपनिरीक्षक सूर्य प्रकाश यादव कर रहे हैं। वहीं बृजेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल, निवासी ग्राम रमेशरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार उनके बैंक खाते के खिलाफ भी छह साइबर शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

### छोटे भाइयों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

# वृद्ध पिता को बहाने से ले जाकर पैतृक संपत्ति हड़पने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले में पारिवारिक संपत्ति विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है। दो भाइयों ने अपने बड़े भाई पर 81 वर्षीय वृद्ध पिता को बहाने से अपने साथ ले जाकर उनकी अस्वस्थता का लाभ उठाते हुए पैतृक कृषि भूमि और मकान बेचने की तैयारी करने का आरोप लगाया है।

मामले में दोनों भाइयों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर हस्तक्षेप की मांग की है। मड़ावरा के ग्राम गुढ़ा व हाल मोहल्ला रावतयाना निवासी जगदीश कुशवाहा और देशराज कुशवाहा पुत्रगण रघुवर कुशवाहा ने बताया कि उनके परिवार में तीन भाई हैं। उनका कहना है कि उनके 81 वर्षीय पिता रघुवर कुशवाहा ने पूर्व में पारिवारिक सहमति से अपनी चल-अचल संपत्ति तीनों पुत्रों के बीच मौखिक रूप से बांट दी थी और सभी अपने-अपने हिस्से से संतुष्ट थे। दोनों भाइयों का आरोप है कि लगभग चार माह पहले उनके बड़े भाई भोले कुशवाहा, जो मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के कुण्डेश्वर क्षेत्र में रहते हैं, पिता को शादी समारोह में ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए। इसके बाद से पिता का परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने कई बार अपने बड़े भाई से पिता के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उनका आरोप है कि जब वे पिता से मिलने गए तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि पिता की उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए उनकी स्थिति को लेकर परिवार बेहद चिंतित है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि बड़े भाई द्वारा पिता को हाल ही में मड़ावरा तहसील स्थित उपनिबंधक (सब-रजिस्ट्रार) कार्यालय ले जाया गया था। इससे उन्हें संदेह है कि पिता के नाम दर्ज संपत्तियों के संबंध में कोई दस्तावेज तैयार कराने का प्रयास किया जा रहा है। भाइयों ने आरोप लगाया है कि उनके बड़े भाई की नजर ग्राम गुढ़ा स्थित कृषि भूमि की आराजी संख्या 516 एवं 428 तथा ललितपुर के रावतयाना स्थित पैतृक मकान पर है। उनका कहना है कि इन संपत्तियों को बेचने की तैयारी की जा रही है। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया है कि पिता के नाम पर पहले से कई किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाकर ऋण भी लिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनके वृद्ध पिता की सुरक्षा सुनिश्चित कर उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों से मिलवाया जाए।

# खेत पर 75 वर्षीय किसान से लाठी-डंडों से मारपीट की

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर में खेत पर काम कर रहे एक 75 वर्षीय बुजुर्ग किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर मड़ावरा थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बहादुरपुर निवासी रामचरन पुत्र वृन्दावन निरंजन 7 जुलाई की दोपहर लगभग 2 बजे अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव के संदीप पुत्र सुरेश कुशवाहा और प्रदुम कुशवाहा पुत्र दरयाव कुशवाहा वहां पहुंचे और कथित रूप से बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब उन्होंने दोनों युवकों को गाली देने से मना किया तो वे आगबबूला हो गए और लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से उन पर हमला कर दिया। बुजुर्ग किसान को चोटें आईं और वह खेत में गिर पड़े। एफआईआर के मुताबिक, बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे मुकुट पुत्र सोबरन तथा बृजेन्द्र पुत्र करन सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख दोनों आरोपी कथित रूप से पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

## कुछ बाइक सवारों ने पीछा कर कार चालक को पकड़ा, पुलिस ने गाड़ी की जब्त

# नाबालिग दौड़ा रहे कार: शहर में 3 लोगों को मारी टक्कर, कई वाहनों को लिया चपेट में











हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर के मुख्य मार्ग पर गुरूवार सायं करीब 6 बजे के आसपास एक ब्रीजा कार ने बस स्टैंड से लेकर बांडी खाली तक तीन चार लोगों को टक्कर मारते हुए तेज गति से भाग रहा था। इस दौरान कुछ बाइक सवार लोगों ने पीछा कर कार चालक को बांडी खाली पुलिया के पास में दबोच लिया। इस दौरान उसने कई वाहनों को अपनी चपेट के ले लिया, जिसमें तीन से चार लोग घायल बताए जा रहे है, जिन्हे निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती किया गया। कार चालक को जब पकड़ा गया तो पता चला की एक 16-17 साल का बालक चला रहा था। उससे जब पूछा गया कि तेरे पास में लाईसेंस है, क्या? तो उसने जवाब दिया नहीं है? लेकिन इस दौरान बीच रोड पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई और एक लंबा जाम लग गया। लोगों ने घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी, तब मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अपनी गाड़ी में बैठाया और जाम को खुलवाया।

### टैंम्पों में मारी टक्कर महिला घायल

प्रत्यक्षर्शियों ने बताया कि ब्रीजा कार क्रमांक एमपी 04 व्हाईएस 0693 के चालक ने बांडी खाली पर खडे.एक टैम्पों में आकर घबराहट में जोरदार टक्कर मारी, जिससे पैदल जा रही एक महिला आगे खडे.ट्रैक्टर और टेम्पो के बीच में आ जाने से पैर में चोंट आई है। मौके पर पहुंची पुलिस घायल महिला को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गई। वहीं बस स्टैंड के पास में पैदल जा रही एक महिला को भी टक्कर मारी दी, जिससे उसके भी पैर में गंभीर चोंट आई जिसको तत्काल लोगों ने उठाकर निदान हॉस्पिटल में भर्ती किया।

### क्या पुलिस वाहन मालिक पर करेगी कार्रवाई?

शहर में इस प्रकार की घटना घटने के बाद लोगों का कहना है कि पुलिस को इस प्रकार के वाहन मालिकों पर कार्रवाही जरूर करना चाहिए, जो अपने नाबालिग बच्चों को कार चलाने के लिए सौंप देते है, जिनके पास न तो कोई लायसेंस होता है, न ही किसी प्रकार का कोई दस्तावेज। ऐसे में क्या पुलिस वाहन मालिक पर कार्रवाई करेगी या छोड़ देगी।

**जांच कर कार्रवाई होगी**

उक्त घटना को अंजाम देने वाले कार चालक और गाड़ी को जब्ती में ले लिया है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-शिवराजसिंह चौहान
सिटी थाना प्रभारी ब्यावरा।

## विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया

# 4.54 करोड़ से बनेंगे 16 अतिरिक्त कक्ष विद्यार्थियों को मिलीं निशुल्क साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर





नगर के शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में गुरुवार को 4 करोड़ 54 लाख 84 हजार की लागत से बनने वाले 16 अतिरिक्त कक्षों के भवन का भूमि पूजन विधायक मोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर कक्षा 6वीं एवं 9वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण तथा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। विद्यार्थियों को कक्षा 1 से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तक, छात्रवृत्ति और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कुरावर को नगर परिषद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिल चुकी है, शीघ्र ही महाविद्यालय भी प्रारंभ होगा तथा विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय के रूप में स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं पर्यटन विकास निगम के इंजीनियर अमित चैहान को निर्देश देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा निर्माण कार्य है, इसलिए भवन मजबूत, गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ बनाया जाए। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रज किशोर मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश जागीरदार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी तथा राधेश्याम पचवारिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संचालन रवि शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य अलविना टोप्पो ने किया। इस अवसर पर शिक्षक रेशम सूर्यवंशी द्वारा लिखित पुस्तक ''संत कबीर दास'' का विमोचन भी किया गया। वहीं कुरावर के युवा गौरव झवर, शुभम वंशिका, अजय वंशिका एवं आकाश राठौर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिना ट्यूशन हासिल की सफलता, संस्था ने मोटरसाइकिल देकर किया सम्मानित

## महर्षि पब्लिक स्कूल के शिवम गिरी बने जिले में 12वीं टॉपर




हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शिवम गिरी निवासी रूपाहेड़ा ने इस वर्ष कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले की प्रवीणता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय प्राचार्य दिनेश गुर्जर और डायरेक्टर शिवचरण दांगी ने पिछले सत्र में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए घोषणा की थी कि जो छात्र जिले की प्रवीणता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा, उसे पुरस्कार स्वरूप होण्डा शाइन मोटरसाइकिल दी जाएगी। वादा पूरा करते हुए संस्था ने जिला टॉपर बने कक्षा 12वीं के छात्र शिवम गिरी को मोटरसाइकिल पुरस्कार स्वरूप भेंट की। पुनः संस्था ने घोषणा की है कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष जिले में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा। इस दौरान छात्र शिवम गिरी ने कहा कि उन्होंने प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी और शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की है। शिक्षकों पर विश्वास करके उनके द्वारा बनाए गए नोट्स का अध्ययन किया। छात्र ने बिना ट्यूशन के केवल स्कूल में पढ़ाई कर सफलता प्राप्त की और विद्यालय व परिवार का नाम रोषन किया। शिवम ने बताया कि उन्होंने लक्ष्य बनाकर घर पर रोजाना अभ्यास किया और विद्यालय में लगने वाली अतिरिक्त कक्षाओं में अपने डाउट क्लियर किए।

### लक्ष्य बनाकर मेहनत करो सफलता मिलेगी

इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को लक्ष्य बनाकर काम करना चाहिए ताकि हमारी मेहनत का वास्तविक फल प्राप्त कर सकें। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से समझाया कि यदि हमने दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का निश्चय कर लिया तो निश्चित रूप से मुकाम हासिल होगा। इस अवसर पर प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी और वरिष्ठ शिक्षक दिलीप राठौर, अजय पंचोली, राधेश्याम तोमर, पवन दांगी, कमल गुर्जर, प्रीतम, राजेश शर्मा, जितेंद्र कारपेंटर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत गोरियाखेड़ा में किया पौधारोपण



**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत गोरिया खेड़ा में एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण सरपंच पूजा बाई एवं सचिव श्रीलाल पवांर ने लगायें तथा उनके रखरखाव और पेड़ बनाने कि जिम्मेदारी ली।

इस मौके पर शाला प्रबंधक शिवनारायण तोमर ईश्वर सिंह परमार, उपसरपंच बीरम सिंह तोमर, इंदरसिंह तोमर, लालसिंह, उपयंत्री पीएल रायकवाड़ की उपस्थिति में लगायें गए।

## अवैध मत्स्याखेट पर रोक: मत्स्य विभाग की बड़ी कार्रवाई...

# 125 किलो मछली जब्त कर 5 हजार रुपए की राशि की मछली नीलाम कर शासकीय खजाने में जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर





जिले में बंद ऋतु के दौरान अवैध मत्स्याखेट पर रोक लगाने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए गत दिवस को विभिन्न नदी-नालों एवं वृहद जलाशयों में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 50 किलोग्राम प्रतिबंधित थाई, मांगुर मछली जब्त की गई, जिसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के कारण गड्ढा खोदकर दफन कर विनष्ट किया वहीं, अलग-अलग स्थानों से 75 किलोग्राम मेजर कार्प मछली भी लावारिस अवस्था में जब्त की। जिसे स्थानीय स्तर पर नीलाम कर 5 हजार रुपये की राशि शासकीय खजाने में जमा कराई गई। कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मत्स्य निरीक्षक दिनेश कुमार वंदेरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने लीमाचैहान, सारंगपुर, पचोर, ब्यावरा एवं राजगढ़ क्षेत्र के जलाशयों तथा नदी-नालों का निरीक्षण किया। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही अवैध मत्स्याखेट में संलिप्त लोग मौके पर पकड़ी गई मछलियां छोड़कर फरार हो गए। विभाग ने जब्त मछलियों की नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण की।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि शासन द्वारा मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित की गई है। इस अवधि में नदी-नालों तथा उनसे संबद्ध वृहद जलाशयों में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा भी अधिसूचना जारी कर प्रतिबंध लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश नदीय (मत्स्योद्योग) नियम, 1972 एवं मध्यप्रदेश मत्स्योद्योग अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अनुसार बंद ऋतु के दौरान अवैध मत्स्याखेट करना दंडनीय अपराध है। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एक वर्ष तक के कारावास, 5 हजार रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों का प्रावधान है। उन्होंने आमजन एवं मत्स्य व्यवसायियों से बंद ऋतु के दौरान नियमों का पालन करने तथा अवैध मत्स्याखेट की सूचना तत्काल मत्स्य विभाग को देने की अपील की।

## ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से घायलों को निकाला

# पाडल्या रोड पर कपिलेश्वर जोड़ के समीप पुलिया से नीचे गिरी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



बुधवार रात्रि को पाडल्या रोड पर कपिलेश्वर के समीप बने नाले की पुलिया से एक ब्रेजा कार एमपी 09 डब्लूएच 8364 पुल से नीचे जा गिरी। राहगीरों की मदद से कार से घायलों को निकाल कर सड़क पर लाए गए और सामने से आ रही एक एम्बुलेंस में ग्रामीणों ने उन्हें बैठाया लेकिन वे घायल सिविल अस्पताल सारंगपुर नहीं पहुंचे घटना की जानकारी लगने पर हमारे संवाददाता ने थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी तथा घायलों के बारे में पूछा तो उनका कहना था की घटना की जानकारी मिली है कुछ घायल अस्पताल पहुंचे है इधर अस्पताल में उपस्थित ड्यूटी डॉ सूर्यवंशी से घायलों की जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि अभी तक कोई भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति अस्पताल नहीं आए हैं। जबकि घटना स्थल पर प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हम लोगों की मदद से ही उनको निकाल कर एम्बुलेंस में बैठाया लेकिन कहा गए हमें नहीं मालूम घटना स्थल पर दुर्घटना ग्रस्त ब्रेजा कार क्रमांक समाचार लिखे जाने तक नाले में पड़ी हुई हैं लेकिन कार सवार का अभी तक कोई पता नहीं चला आखिर गए कहा।

**जांच करवाते हैं...**

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही हम घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन वहां हमें कोई घायल नहीं मिला। हमने अस्पताल में जानकारी ली लेकिन वहां भी कोई नहीं मिला। गाड़ी नंबर सर्च कर आगे की जांच करवाते हैं।

**-राहुल रघुवंशी**, थाना प्रभारी सारंगपुर

# गोवंश को सड़क हादसों से बचने के लिए बजरंग दल ने लगाए रेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़



बजरंग दल इकाई ने सेवा सप्ताह के तहत निराश्रित गोवंश को सड़क हादसों से बचने के लिए बुधवार रात गोवंश के सिंह में रेडियम लगाया। यह अभियान 3 दिन से चल रहा है कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे एनएच 46 चिन्हित स्थान पर गोवंश को रेडियम लगाने का कार्य किया। साथ ही बजरंग दल में समाज से निवेदन किया एक किसान एक गाय रखें जिससे गाय की रक्षा होगी। गोवंश गौशाला में रखने के लिए नहीं वहां किसान के खुटे की शोभा है धार्मिक आयोजन में भी गोवंश और गोसंवर्धन के महत्व को शामिल किया जाए।

साथ ही वाहन चालकों से भी निवेदन बरसात के समय सुखा स्थान की तलाश में गाय सड़क पर बैठती है बड़े व छोटे वाहन चालको बरसात के समय में थोड़ा देख कर अपने वाहनों को धीमी गति से चलाए आप भी दुर्घटना से बचे ओर बेसहारो को भी बचाए। इस अभियान में प्रखंड मंत्री उदय मीणा, प्रखंड सह गोरक्षा प्रमुख मनोज कुशवाह, नगर संयोजक अरुण वर्मा, नगर महाविद्यालय प्रमुख योगेश कुशवाह, पवन कुशवाह, संजय नगर, बजरंग दल कार्यकर्ता देवगढ़ बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

## कालीपीठ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 1,50,000 रुपए नकद, 01 मोबाइल फोन और 2 सिम कार्ड जब्त

# बीपीएल योजना में 8 लाख और मोटरसाइकिल दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाला आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

राजगढ़ जिले में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन को साइबर ठगी से सुरक्षित रखने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में कालीपीठ थाना पुलिस द्वारा साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 1,50,000 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन एवं 02 सिम कार्ड बरामद किए गए।

### इस प्रकार दिया घटना को अंजाम

फरियादी मुकेश पिता इमरत गिर, निवासी ग्राम लहरचा ने थाना कालीपीठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्राइवरी का कार्य करता है तथा दिनांक 05.06.2026 से 16.06.2026 तक कार्यवश टोंक (राजस्थान) गया हुआ था। उसकी अनुपस्थिति में उसकी पत्नी मौसमबाई के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन कर स्वयं को शासकीय योजना से संबंधित बताते हुए कहा गया कि बीपीएल सूची में नाम आने पर 8 लाख नगद एवं एक पल्सर मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी।

आरोपियों ने योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अलग-अलग मोबाइल नंबरों के माध्यम से किस्तों में राशि जमा करवाई। जब ऑनलाइन भुगतान की सीमा समाप्त हुई तो फरियादी की पत्नी ने कालीपीठ स्थित कंप्यूटर सेंटर के माध्यम से भी राशि ट्रांसफर करवाई। इस प्रकार आरोपियों ने छलपूर्वक कुल 1,50,017 की साइबर ठगी कर ली। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कालीपीठ में 'अपराध क्रमांक 141⁄2026 अंतर्गत धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)' के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल ट्रांजेक्शन, बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी फर्जी सिम कार्ड एवं बैंक खातों का उपयोग कर भोले-भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।



बेहतर तकनीकी विवेचना एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन जनपद झांसी (उत्तर प्रदेश) में प्राप्त हुई। पुलिस टीम तत्काल उत्तर प्रदेश रवाना हुई तथा स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर आरोपी राघवेंद्र पिता रामस्वरूप कुशवाह उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम खजराहा, थाना उल्दन, जिला झांसी (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया। ट्रांजिट प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपी को राजगढ़ लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से 1,50,000 नगद, 01 मोबाइल फोन एवं 02 सिम कार्ड बरामद किए गए। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक जितेंद्र अजनारे, उप निरीक्षक विष्णु मीणा, प्रधान आरक्षक 477 मुकेश पवैया, प्रधान आरक्षक 336 चेतन चैहान, प्रधान आरक्षक कुलदीप, आरक्षक 716 रवि जाट, आरक्षक अशोक एवं आरक्षक अंतिम की सराहनीय भूमिका रही।

# अभाविप के 78वें स्थापना दिवस पर सारंगपुर में 78 पौधों का रोपण



**सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सारंगपुर नगर इकाई द्वारा सप्ताहव्यापी सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला के प्रथम दिवस पर नगर के विभिन्न स्थानों पर 78 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधारोपण अभियान के तहत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाए गए। इस दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान अभाविप पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्रहितों के लिए कार्य करने वाला संगठन नहीं है, बल्कि समाज एवं राष्ट्रहित से जुड़े रचनात्मक कार्यों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। स्थापना दिवस सप्ताह के दौरान सेवा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लेते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभाविप के भाग संयोजक तुषार चैहान, जिला सोशल मीडिया प्रमुख दुर्गेश चंद्रवंशी, नगर मंत्री कु. ज्योत्सना कासनिया सहित महाविद्यालय एवं विद्यालय का स्टाफ, परिषद के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।